**नेपा मिल में 2.0 अभियान** • मिल अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के साथ अन्य अफसरों ने परिसर में लगाई झाड़ू

# रद्दी पेपर को छांट पल्प निर्माण कर कागज उत्पादन में लिया

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड में गुरुवार से 2.0 नाम से विशेष अभियान चलाया गया। इसमें सीएमडी सहित मिल के अफसर-कर्मचारी रद्दी पेपर को दोबारा उत्पादन के काम में लेने के लिए जुटे हैं। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सौरभ देव ने अनाम श्रमिक स्मारक पर पुष्पहार अर्पित कर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद कारखाना परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके



रद्दी पेपर को छांट कर दोबारा उत्पादन के काम में लिया गया।

तहत नवनिर्मित पेपर मशीन विभाग के क्षेत्र की सफाई की गई। रद्दी पेपर को हटाकर दोबारा पल्प निर्माण कर कागज उत्पादन में प्रयोग किया गया।

सीएमडी सौरभ देव ने अफसर-कर्मचारियों से कहा अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई का विशेष अभियान चलाया जाए। आईटी विभाग को कहा सभी विभागों में ई-वेस्ट को एकत्र कर उसके निपटान की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही अनुपयोगी वाहन, फर्नीचर, विद्युत उपकरणों को जमा कर निपटान के लिए सूची तैयार की जाए।

## 31 को निकलेगी स्वच्छता रैली

अभियान के तहत जागरूकता के लिए कारखाना परिसर, प्रशासकीय भवन में जगह-जगह पोस्टर-बैनर लगाए गए। नारा और निबंध प्रतियोगिता हुई। मिल परिसर में पौधारोपण भी किया गया। अभियान के तहत 31 अक्टूबर को स्वच्छता रैली निकाली जाएगी। रैली प्रशासकीय भवन से शुरू होकर रेलवे स्टेशन, अस्पताल, आंबेडकर चौराहा, मातापुर बाजार, प्रभा पार्क होती हुई कारखाना परिसर मिल गेट पर समाप्त होगी।

# नेपा मिल में स्वच्छता अभियान के तहत की साफ-सफाई



मिल परिसर में सफाई करते हुए।

**नेपानगर@पत्रिका.** नेपा मिल में स्वच्छता अभियान 2.0 के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। संस्था अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक कमोडोर सौरभ देव ने अनाम श्रमिक स्मारक पर पुष्पहार अर्पित कर अभियान की शुरूआत की। कारखाना परिसर सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। नवनिर्मित पेपर मशीन विभाग के क्षेत्र को स्वच्छ करते हुए पुराने रद्दी पेपर को हटाकर पुनः पल्प निर्माण कर कागज के उत्पादन में प्रयोग किया गया। आइटी विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी विभागों में ई-वेस्ट को एकत्रित कर उसके निपटान की व्यवस्था करें। साथ ही समस्त विभाग को यह भी निर्देशित किया गया कि वह अनुपयोगी वाहनों, फर्नीचर, विद्युत उपकरणों को जमा कर निपटान के लिए सूची तैयार करें।

**सफाई को लेकर करेंगे जागरूक:** अभियान के तहत जागरूकता लाने के लिए कारखाना परिसर, प्रशासकीय भवन में जगह, जगह पोस्टर्स, बैनर्स का प्रदर्शन किया गया। नारा, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन होगा। मिल परिसर में पौधरोपण किया गया।

# सीएमडी ने विशेष अभियान में अफसरों के साथ की नेपा मिल परिसर में सफाई



कारखाना परिसर में सफाई करते सीएमडी व अन्य अफसर ● नईदुनिया

**नेपानगर।** नेपा लिमिटेड में विशेष अभियान के तहत 31 अक्टूबर तक दूसरे चरण के विशेष सफाई अभियान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अध्यक्ष-सहप्रबंध निदेशक कमोडोर सौरभ देव द्वारा अनाम श्रमिक स्मारक पर पुष्पहार अर्पित कर इस अभियान की शुरुआत कर सफाई की गई। समस्त कारखाना परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नवनिर्मित पेपर मशीन विभाग के क्षेत्र को स्वच्छ करते हुए पुराने रद्दी पेपर को हटाकर पुनः पल्प निर्माण कर कागज के उत्पादन में प्रयोग किया गया। 31 अक्टूबर को स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया है। रैली प्रशासकीय भवन से आरंभ होकर रेलवे स्टेशन, अस्पताल, अंबेडकर चौराहा, मातापुर बाजार एवं प्रभा पार्क एरिया होते हुए कारखाना परिसर मिल गेट पर समाप्त होगी।